# Press coverage on Consumer & Dealer meet at Raipur On November 18 & 19 ,2010

Venue :

Hotel Babylon Inn ,Raipur

| | |
|---|---|
| Subject : | Media coverage on CMD's Visit to Raipur on 18th November 2010 |
| Name of News paper : | Nai Duniya |
| Edition : | Raipur |
| Date of publication : | November 18 ,2010 |
| Published on Page number : | 5 |

# बजाज इलेक्ट्रिकल के सीएमडी आज रायपुर में

रायपुर (व्याप्र)। बजाज इलेक्ट्रिकल के सीएमडी शेखर बजाज गुरुवार को विशेष प्रवास पर राजधानी आएँगे। वे होटल बेबीलोन इन में कंपनी की कंज्यूमर मीट में हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ लेडीज क्लब की अध्यक्ष टी. जॉय उपस्थित रहेंगी। समारोह की अध्यक्षता श्री बजाज करेंगे। सन् 1984 में श्री बजाज, इस कंपनी के सीएमडी के रूप में नियुक्त हुए। सन् 1990 में वे कंपनी के चेयरमैन व एमडी बने।



| | |
|---|---|
| Subject : | Media coverage on CMD's Visit to Raipur on 18th November 2010 |
| Name of News paper : | Nav Bharat |
| Edition : | Raipur |
| Date of publication : | November 18 ,2010 |
| Published on Page number : | 7 |

# बजाज इलेक्ट्रिकल्स के सीएमडी शेखर बजाज आज रायपुर में



रायपुर. बजाज इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड के सीएमडी शेखर बजाज कल 18 नवम्बर को विशेष प्रवास पर रायपुर आ रहे हैं. वे यहां कंपनी की कंज्यूमर मीट में हिस्सा लेंगे. श्री बजाज का जन्म प्रख्यात स्वदेशी एवं महात्मा गांधी के सहयोगी स्व. जमनालाल बजाज परिवार में हुआ. वे अपनी उच्च शिक्षा के बाद 1974 में बजाज सेवाश्रम कंपनी में कार्यरत हुए. वर्ष 1984 में वे बजाज इलेक्ट्रिकल्स के एमडी बने. वर्ष 1990 में इस कंपनी के चेयरमेन एवं एमडी के पद पर नियुक्त हुए और अपने सफल नेतृत्व में कंपनी को आगे बढ़ाते रहे. दिन ब दिन प्रगति करते हुए आज यह कंपनी न केवल देश अपितु विश्व की एक प्रतिष्ठित कंपनी के रूप में उभर कर आई है. वे एसोचेम के अध्यक्ष भी रह चुके हैं.

# बजाज इलेक्ट्रिकल्स की आज कंज्यूमर मीट

रायपुर. देश की अग्रणी विद्युत उपकरण निर्माता कंपनी बजाज इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड द्वारा कल 18 नवम्बर को शाम चार बजे होटल बेबीलान इन, जेल रोड में कंज्यूमर मीट का आयोजन किया जा रहा है. इस अवसर पर मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ लेडीज क्लब की अध्यक्ष श्रीमती टी. जॉय आमंत्रित हैं. मीट के अवसर पर कंपनी के चेयरमेन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर शेखर बजाज अध्यक्षता करेंगे.

| | |
|---|---|
| Subject : | Media coverage on Consumers meet at Raipur on November 18 ,2010 |
| Name of News paper : | Central Chronicle ( Business) |
| Edition : | Raipur |
| Date of publication : | November 19 ,2010 |
| Published on Page number : | 14 |

# Consumer meet by Bajaj Electricals






Raipur, Nov 18: Bajaj Electricals Ltd organised the consumer meet on Thursday at Hotel Babylone in which more than 125 end consumers were present. The queries of the consumers were answered by Shekhar Bajaj, Chairman and Managing Director of Bajaj Electricals Ltd at the function. Chief guest of the function was Mrs P Joy Oommen, wife of Chief Secretary, Government of Chhattisgarh. President and members of various women associations were also present on the occasion. The dealers meet will be organised on Friday at Hotel Babylone. It is notable that Bajaj Electricals Ltd has more than 250 dealers in Chhattisgarh.

Shekhar Bajaj is the Chairman and Managing Director of the Rs.2252 Crores Bajaj Electricals Limited (BEL). He has been the past President of ASSOCHAM, IMC and other associations. He is on the board of Bajaj Auto Ltd and a number of other companies. Born into a family whose brand image bespeaks trust and transparency, brought up in the Gandhian ideals of his grandfather Mr. Jamnalal Bajaj, he is a unique embodiment of time-tested traditions, visionary zeal and humane concern.

A B.Sc.(Hons) degree in Mathematics from Pune University (1968), followed by an M.B.A. degree from New York University (1974), equipped him with the formal training required to complement his homespun talents. Starting off in Bajaj Sevashram after graduation, he learnt the nitty-gritty of business by working his way up, gaining invaluable insights into the real market and eventually took over as Managing Director of Bajaj Electricals Limited (1984) and became the Chairman & Managing Director in 1990. He built on the company's inherent strengths and radically turned around its fortunes. Under his watchful eyes, the company restructured its overall operations, consolidating its formidable retail network to provide the country's burgeoning middle class a better quality of life. Over the years, BEL came to be associated with world-class products that offer value for money. Mr. Bajaj's growth oriented visions and policies were always rooted in sound, traditional pragmatism. Shunning complacence, BEL focused on continuous upgradation of technology and strategic tie-ups that enabled it to remain a resilient player in an intensely competitive market environment. It battled threats from the unorganized sector and recorded a steady rise in assets, sales and profits, inspiring trust among investors. Following a phase of consolidation measures, BEL began to focus on rapid growth.

Fuelled by the idealism of his redoubtable predecessors, Mr Bajaj continues to nurture, develop and encourage small-scale industries, marketing their products under the reputed Bajaj brand umbrella. BEL consistently provides financial assistance and technical know-how to them, never eschewing social responsibilities and always ensuring industrial development which is beneficial to the society

| Subject : | Media coverage on Dealer & Press meet on 19th Nov 2010 on Ruler Electrification. |
|---|---|
| Name of News paper : | Amrit Sandesh |
| Edition : | Raipur |
| Date of publication : | November 20 ,2010 |
| Published on Page number : | 7 |



## बजाज की ग्रामीण विद्युतीकरण योजना में अहम भूमिका

### छत्तीसगढ़ में कंपनी का प्रदर्शन सराहनीय

रायपुर, 19 नवंबर( असं )। बजाज इलेक्ट्रिकल्स अपने उत्पादों के साथ-साथ महत्वाकांक्षी राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना का भी संचालन कर रही है और उसे छत्तीसगढ़ के तीन जिले रायपुर, महासमुंद और चांपा के लगभग 4100 गांवों में विद्युतीकरण का कार्य सौंपा गया है। इसमें 1 लाख 32 हजार परिवार लाभान्वित होंगे। जिसमें से 1 लाख 7 हजार परिवार इस योजना से लाभान्वित हो चुके है। उक्त जानकारी देते हुए एक पत्रवार्ता में कंपनी के चेयरमेन और मैनेजिंग डायरेक्टर शेखर बजाज ने बताया कि इस योजना के तहत महासमुंद के 1100, रायपुर के 2100 और चांपा जिले के 100 गांवों को शामिल किया गया है। कंपनी इन गांवों में विद्युतीकरण के लिए अधोसंरचना का निर्माण करके उन लोगों तक बिजली पहुंचा रही है जो अब तक इससे अछूता है। उन्होंने बताया कि देश में बजाज इलेक्ट्रिकल्स के 19 शाखा है जिनमें से छत्तीसगढ़ का प्रदर्शन सबसे अच्छा रहा है। अप्रैल से अक्टूबर 2010 की अवधि के दौरान पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 13 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए और 13 प्रतिशत के सीएजीआर के साथ 26 करोड़ के टर्नओवर को पार किया है। ऐसी अपेक्षा है कि रायपुर शाखा इस रफ्तार को बनाए रखेगी और वित्तवर्ष 2010-11 के अंत तक यह रु 67 करोड़ के टर्नओवर को पार कर जाएगी। उन्होंने बताया कि अभी-अभी इस शाखा ने कुकर हुड, होम यूपीएस, ग्लास बॉडी कुक टॉप, इंडक्शन कुकर, ग्लास लाइन्ड स्टोरेज वाटर हीटर जैसे नए जमाने के उपकरणों के साथ-साथ अन्य उत्पाद जैसे एलईडी टॉर्च, सबमर्सिबल पंप एवं मिनी मोनो ब्लॉक पंप आदि प्रस्तुत किए हैं, इस वित्तवर्ष में शाखा प्रेशर कुकर एवं जनरेटर सैट्स प्रस्तुत करने की प्रक्रिया में है कंपनी के देश भर में लगभग 1 हजार वितरकों तीन हजार डीलरों एवं 270 से अधिक कस्टमर केयर सेंटर के जरिए कार्य कर रही है।

| Subject : | Media coverage on Dealer & Press meet at Raipur on 19 November ,2010 |
|---|---|
| Name of News paper : | National Look |
| Edition : | Raipur |
| Date of publication : | November 20 ,2010 |
| Published on Page number : | 15 |

**बिजनेस**

रायपुर के 72 हजार घर एवं महासमुंद के 11 हजार घरों को करेंगे प्रकाशित

# बजाज इलेक्ट्रिकल्स रोशन करेगा अंधेरे गांवों को

National look

*होम एप्लाएन्सेस के लिए भी लांच किए गए प्रोडक्ट, वर्तमान वर्ष के प्रथम छः महिने के दौरान शुद्ध आय रू 1070 करोड़ पर 24 प्रतिशत अधिक रही।*




रायपुर . बजाज कंपनी के चेयरमेन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर शेखर बजाज ने कहा है कि बजाज एप्लाएन्सेस छोटे उपकरण बनाने वाला भारत का नं 1 ब्रांड है। 35000 हजार करोड़ के टर्नओवर के साथ आज बजाज ग्रुप में कुल 25 कंपनियां बजाज आटो, बजाज अलियांज, बजाज होल्डिंग्स एंड इंवेस्टमेंट इत्यादि शामिल है एवं साल दर साल सफलतम अध्याय लिखते आ रही है ।

कंपनी अपनी सोशल जिम्मेदारी के प्रति भी कृतज्ञ है, जिसके तहत बिना किसी लाभ के कंपनी ने रायपुर के 72000 हजार घरों एवं महासमुंद के 11000 घरों को रोशनी देने का बीड़ा उठाया । ज्ञात हो कि वर्ष 2009 में ई एंड पी बीयू को नेशनल इलेक्ट्रिक सप्लाई कंपनी लिमिटेड द्वारा पं. बंगाल में 204 करोड़ का ग्रामीण विद्युतिकरण ऑर्डर प्राप्त हुआ ,जहां गरीबी रेखा के नीचे वाले 45000 से अधिक घरों को बिजली का कनेक्शन उपलब्ध करवाने हेतु 1898 गांव शामिल थे, इसके बाद उड़ीसा सांभलपुर जिले में भी विद्युतिकरण किया गया उसके बाद रायपुर महासमुंद के लिए कुल 76 करोड़ का आर्डर राजीव गांधी इलेक्ट्रीकरण के तहत केंद्र सरकार के द्वारा प्राप्त हुआ ।

उन्होंने कहा कि होम एप्लाइंसेज के क्षेत्र में भी बजाज ग्रुप कस्टमर का विश्वसनीयता का केंद्र है। अन्य प्रांतों की तुलना में छत्तीसगढ़ प्रदेश के रायपुर में बजाज सबसे ज्यादा लोकप्रिय कंपनी है। यह इसी बात से पता चलता है कि बजाज इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड की रायपुर शाखा ने पिछले वित्त वर्ष 2009 - 10 में पूर्व की तुलना में 11 प्रतिशत की वृद्धि एवं 16 प्रतिशत के सीएजीआर के साथ लगभग 53 करोड़ रूपए का टर्न ओवर प्राप्त किया था तथा कंपनी अपनी इसी रफ्तार को कायम रखते हुए वित्तवर्ष 2010-11 के अंत तक 67 करोड़ के टर्नओवर को पार कर जाएगी ।

रायपुर शहर में जबर्दस्त संभावना देखते हुए कंपनी ने प्रोडक्ट बाजार में उतारे हैं, जिसमें कुकर हुड, होम यूपीएस, ग्लॉस बॉडी कुक टॉप, इंडक्शन कुकर, ग्लॉस लाइन्ड स्टोरेज वाटर हीटर जैसे नए जमाने के उपकरणों के साथ-साथ अन्य उत्पाद एलईडी टॉर्च, सबमर्सिबल पंप एवं मिनी मोनो ब्लॉक पंप शामिल हैं।

इसके अलावा कंपनी प्रेशर कुकर एवं जनरेटर सेट्स प्रस्तुत करने की प्रक्रिया में है। फैंस व्यवसाय में बजाज बड़े ब्राण्डों में से एक है तथा इसकी लाइटिंग व्यवसाय इकाई, ल्युमिनायर्स व्यवसाय इकाई में भी बेहतर काम हो रहा है। कांफ्रेंस में मौजूद कंपनी के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर रामकृष्णन ने कहा कि देश के विभिन्न हिस्सों में बजाज इलेक्ट्रिकल्स के कुल 19 शाखाएं फैली हुई है, जिनमें लगभग 1000 वितरक , 3000 अधिकृत डीलरों एवं 270 से अधिक कस्टमर केयर सेन्टर एवं 400000 से अधिक रिटेलरों का समर्थन प्राप्त है । प्रोडक्ट के प्रोडक्शन पर सवाल किए जाने पर उन्होंने कहा कि कंपनी की अपना स्टैंडर्ड मानक यूनिट होती है जो गहन रिसर्च एवं डेवलपमेंट कर प्रोडक्ट को मार्केट में लॉंच करती है ।

| | |
|---|---|
| Subject : | Media coverage on Dealer & Press meet at Raipur on November 19 ,2010 |
| Name of News paper : | Nai Duniya |
| Edition : | Raipur |
| Date of publication : | November 20 ,2010 |
| Published on Page number : | 3 |

# राज्य के चार हजार गाँव होंगे रोशन

बजाज इलेक्ट्रिकल और भारत सरकार के बीच 500 करोड़ का अनुबंध



रायपुर (व्याप्र)। राजीव गाँधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के तहत बजाज इलेक्ट्रिकल लिमिटेड छत्तीसगढ़ के चार हजार गाँवों में रोशनी बिखेरेगी। रायपुर, महासमुंद और धमतरी जिलों के लगभग एक लाख 3 हजार लोग इस योजना से लाभान्वित होंगे। कुल चार हजार एक सौ घरों में बिजली पहुँचाई जाएगी।

शुक्रवार को प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए बजाज इलेक्ट्रिकल लिमिटेड के चेयरमैन व मैनेजिंग डायरेक्टर राहुल बजाज ने कहा कि राजीव गाँधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के तहत देशभर के लगभग चार लाख [illegible] घरों में बिजली पहुँचेगी।

भारत सरकार के साथ हुए 500 करोड़ अनुबंध के तहत छत्तीसगढ़ में 156 करोड़ से अधिक की राशि खर्च की जाएगी। श्री बजाज ने कहा कि छत्तीसगढ़ सहित पं. बंगाल, उड़ीसा और मध्यप्रदेश में इस योजना का संचालन किया जा रहा है। कंपनी के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर अनंत बजाज ने कहा कि कंपनी का टर्नओवर 35 हजार करोड़ है।

## महासमुंद पहुँचे

श्री बजाज व कंपनी के अधिकारियों ने महासमुंद जिले के कुछ ग्रामीण इलाकों में दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। वे चार-पाँच घरों में गए, जहाँ बिजली नहीं है। उन्होंने लोगों से कहा कि उनकी कंपनी शीघ्र ही गाँव में रोशनी पहुँचाएगी।

## इन जिलों में पहुँचेगी बिजली

(कुल 4100 घर)

| जिले | घर |
|---|---|
| रायपुर | 2100 |
| महासमुंद | 1100 |
| चांपा | 900 |

| Subject : | Media coverage on Dealer & Press meet at Raipur on November 19 ,2010 |
|---|---|
| Name of News paper : | Patrika |
| Edition : | Raipur |
| Date of publication : | November 20 ,2010 |
| Published on Page number : | 9 |

# छग में 4100 गांवों को रोशन करेगी बजाज इलेक्ट्रिकल्स

## कंपनी के नए उत्पाद लांच




रायपुर. बजाज इलेक्ट्रिकल्स प्राइवेट लिमिटेड छत्तीसगढ़ में 4100 गांवों को रोशन करेगी। इसके लिए कंपनी को 156 करोड़ रुपए का आर्डर मिला है। कंपनी के चेयरमैन एंड मैनेजिंग डायरेक्टर शेखर बजाज ने पत्रकारवार्ता में बताया कि कंपनी ने राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के तहत रायपुर के 2100, महासमुंद के 1100 तथा जांजगीर-चांपा जिले के 900 गांवों का चयन किया है। इन गांवों के कुल 1032 घरों में बिजली पहुंचाई जाएगी। कंपनी ने अपना यह अभियान शुरू भी कर दिया है। रायपुर शाखा में कंपनी के नए उत्पादों की लांचिंग पर पहुंचे श्री बजाज ने बताया कि बजाज का कुकर हुड, होम यूपीएस, ग्लास बॉडी कुक टॉप, इंडक्शन कुकर, ग्लास लाईड स्टोरेज वाटर हीटर जैसे उपकरणों के साथ ही एलईडी टार्च, सबमर्सिबल पंप व मिनी मोनो ब्लाक पंप लांच किए हैं। इस वित्तीय वर्ष में रायपुर शाखा प्रेशर कुकर व जनरेटर सेट्स भी प्रस्तुत करेगी। शेखर बजाज ने बताया कि कंपनी की रायपुर शाखा ने अप्रैल से अक्टूबर तक पिछले साल की तुलना में इस साल 13 फीसदी बढ़ोतरी करते हुए और 13 फीसदी के सीएजीआर के साथ 26 करोड़ के टर्नओवर को पार किया है।

| Subject : | Media coverage on Dealer & Press meet at Raipur on November 19 ,2010 |
|---|---|
| Name of News paper : | Nav Bharat |
| Edition : | Raipur |
| Date of publication : | November 20 ,2010 |
| Published on Page number : | 7 |

### बजाज इलेक्ट्रिकल्स के चेयरमैन शेखर बजाज ने कहा

# छत्तीसगढ़ सरकार उत्तरांचल जैसी छूट दे तो उद्योग लगाने पर विचार

✦ वाणिज्य संवाददाता

रायपुर. देश की जानी-मानी बिजली उपकरण निर्माता व विक्रेता बजाज इलेक्ट्रिकल्स के चेयरमेन शेखर बजाज ने कहा कि यदि छत्तीसगढ़ सरकार उत्तरांचल में नए उद्योगों को एक्साइज, इनकम टैक्स व अन्य करों की अगले दस साल तक की छूट देती है, तो वे यहां उद्योग लगाने पर विचार कर सकते हैं.



आर रामाकृष्णन व शेखर बजाज मीडिया से बातचीत करते हुए.

यहां डीलर मीट में शामिल होने आए बजाज गुप के चेयरमेन राहुल बजाज के छोटे भाई शेखर बजाज ने एक सवाल पर यह जवाब दिया. उन्होंने बताया कि उत्तरांचल सरकार ने नए उद्योगों को एक्साइज, इनकम टैक्स व अन्य टैक्स में छूट दी है, इस वजह से वहां काफी उद्योग चले गए. उन्होंने स्वयं उत्तरांचल के पंतनगर में फैक्ट्री लगाई है.

### छग में 4100 गांव रौशन करेंगे

उन्होंने बताया कि उनकी कंपनी को केंद्र सरकार की राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के तहत छत्तीसगढ़ में 4100 गांवों को रौशन करने का 156 करोड़ का आर्डर मिला है. ये गांव महासमुंद, रायपुर और चांपा क्षेत्र में स्थित हैं.

**छत्तीसगढ़ में 67 करोड़ के टर्नओवर का लक्ष्य-** कंपनी के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर आर. रामकृष्णन ने इस अवसर पर बताया कि कंपनी की छत्तीसगढ़ में वर्ष 2010-11 में 67 करोड़ रुपए टर्नओवर की योजना है.

**नए उत्पादों की रेंज-** श्री बजाज एवं श्रीरामकृष्णन ने बताया कि यहां कुकर हुड, होम यूपीएस, ग्लास बॉडी कुक टॉप, इंडक्शन कुकर, ग्लास लाइंड स्टोरेज वाटर हीटर जैसे नए जमाने के उत्पादों के साथ-साथ एलईडी टार्च, सबमर्सिबल पम्प व मिनी मोनो ब्लाक पम्प आदि पेश किए हैं.

| | |
|---|---|
| Subject : | Media coverage on Dealer & Press meet at Raipur on November 19 ,2010 |
| Name of News paper : | Hari Bhoomi |
| Edition : | Raipur |
| Date of publication : | November 20 ,2010 |
| Published on Page number : | 17 |

# रिश्वत की जरूरत उसे, जिसकी गुणवत्ता में कमी

हरिभूमि न्यूज

रायपुर। हमारे बिजनेस में किसी को रिश्वत नहीं देनी पड़ती। रिश्वत देने की जरूरत उसे पड़ती है, जिसकी क्वालिटी में कमी हो। यह बातें बजाज इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर शेखर बजाज ने राजनेता और उद्योगपतियों के बीच रिश्वत के संबंध वाले सवाल पर कही। श्री बजाज अपने होम एप्लायंसेस व इलेक्ट्रिकल प्रोडक्ट की लांचिंग के लिए राजधानी आए हुए हैं।

उन्होंने छत्तीसगढ़ में कंपनी लगाने के सवाल पर कहा कि यह राज्य सरकार पर निर्भर करता है। यदि यहां भी उत्तरांचल व हिमाचल प्रदेश की तरह एक्साइज ड्यूटी छूट दी जाए, तो वे इस बारे में सोचेंगे। उन्होंने बताया कि उनकी कंपनी राजीव गांधी विद्युतीकरण परियोजना के तहत राज्य के 4000 गांवों को बिजली से जोड़ेगी। इसके लिए 156 करोड़ रुपए का अनुबंध किया गया है। कंपनी के एक्जिक्यूटिव डायरेक्टर आर. रामाकृष्णन ने बताया कि कंपनी की रायपुर शाखा ने वित्तीय वर्ष 2009-10 में पहले की तुलना में 11 प्रतिशत की वृद्धि एवं 16 प्रतिशत के सीएजीआर के साथ करीब 53 करोड़ रुपए का टर्नओवर प्राप्त किया था। इस साल 67 करोड़ टर्नओवर को पार कर जाएगी।



## छत्तीसगढ़ के बाजार में कई नए प्रोडक्ट

कंपनी ने कुकर हुड, होम यूपीएस, ग्लास बॉडी कुक टॉप, इंडक्शन कुकर, ग्लास लाइड स्टोरेज वाटर हीटर जैसे नए जमाने के उपकरणों के साथ अन्य उत्पाद एलईडी टार्च, सबमर्सिबल पंप, मिनी मोनो ब्लॉक पंप आदि पेश किए।

| | |
|---|---|
| Subject : | Media coverage on Dealer & Press meet at Raipur on november 19 ,2010 |
| Name of News paper : | Central Chronicle |
| Edition : | Raipur |
| Date of publication : | November 18 & 19 ,2010 |
| Published on Page number : | 16 |

# Bajaj Electricals Raipur branch achieves Rs 26 crore turnover

Raipur, Nov 19: The Raipur branch of Bajaj Electricals has achieved a turnover of Rs 53 crores during the last financial year 2009-10 with a growth of 11% over previous years and CAGR of 16%. During the period April-Oct 2010, the Raipur branch has crossed a turnover of Rs 26 crores with a growth of 13% over the corresponding period of the last year and a CAGR of 13%. The Raipur branch is expected to keep up this momentum and by the end of financial year 2010-11 reach a turnover exceeding Rs 67 crores. Bajaj Electricals has recently launched new age appliances like Cookerhoods, Home UPS, Glass Body Cook Tops, Induction Cookers, Glass Lined SWH as well as other products like LED torches, submesible pump and mini mono block pump. The branch is in the process of introducing Pressure Cooker and Generator sets, said Shekhar Bajaj, Chairman and Managing Director and R Ramakrishnan, ED, Bajaj Electricals Ltd while speaking to the scribes here.




R Ramakrishnan, ED, Bajaj Electricals Ltd and Shekhar Bajaj, Chairman and Managing Director, Bajaj Electricals addressing the scribes on Friday.

The duo said that the engineering and project business unit will be lighting 4100 villages in Chhattisgarh. It will give light connections to about 1.32 lakh homes under the contract of Rs 156 crore under Rajeev Gandhi Rural Electrification. The total business of the unit was Rs 2250 crore this year and it plans to achieve Rs 2800 crore by next fiscal and Rs 5000 crore in next three years. On the questions of setting up manufacturing plant in Chhattisgarh, Mr Bajaj said that Uttaranchal government has given excise benefit to the industries as a result tremendous industrial development is witnessed there. Bajaj Appliances is India's No. 1 appliances brand to have crossed the Rs 500 crore mark and sell over 5.3 million appliances in the year 2009-10. The product range include water heaters, mixer grinders, steam irons, microwave ovens, OTGs, JMGs, juicers, room heaters, toasters, home UPS, tea maker, coffee maker, gas stove, hobs, chimneys and room coolers. The company has introduced premium range of home appliances 'Bajaj Platini'. Bajaj Fans is one of the largest players in the fans category with over 15% market share and has crossed a turnover of Rs 379 crores in FY 2009-10. Bajaj Fans have a tie up with Disney for Kids Fans with Disney characters under the brand name "Bajaj Disney Fans". Bajaj Lighting is one of the largest players in the industry with a turnover of Rs 261 crores in 2009-10. It has installed the world's fastest CFL chain at Starlite, Nasik. Bajaj Luminaries is one of the leading players in the industry and has a turnover of Rs 275 crores. In addition to this Bajaj Electricals is marketing the Morphy Richards- the UK's no. 1 brand in small home appliances category. It has turnover of Rs 77 crore. It has recently launched stylish looking 'Microwave Ovens' with features like 'Multistage Cooking and Preset Cooking'.

| | |
|---|---|
| Subject : | Media coverage on Dealer & Press meet at Raipur on November 19 ,2010 |
| Name of News paper : | Hitavada |
| Edition : | Raipur |
| Date of publication : | November 20 ,2010 |
| Published on Page number : | 4 |

# 'Bajaj co working on Rs 56 cr order for Rural Electrification Project'



Chairman and Managing Director of Bajaj Electricals Limited Shekhar Bajaj addressing mediapersons while Executive Director R Ramakrishnan looks on.

■ **Staff Reporter**
RAIPUR, Nov 19

BAJAJ Electrical Limited, Raipur branch organised 'Press Meet' here at Hotel Babylon Inn on Friday. Chairman and Managing Director (CMD) Shekhar Bajaj and Executive Director R Ramakrishnan interacted with the mediapersons.

In his interaction, CMD Shekhar Bajaj informed about the new arrivals/new launches in Raipur. In the recent past Raipur branch has launched new age appliances like cookerhoods, home UPS, glass body cook tops, induction cooker, glass lined as well as other products including LED torches, submersible pumps and mini mono block pumps. The local branch of the company has achieved a turnover of around Rs 53 crores during the financial year 2009-10, registering a growth of 11 per cent over previous year. During the period, April to October 2010, Raipur branch has crossed a turnover of Rs 26 crores with a growth of 13 per cent over the corresponding period of last year. The turnover is expected to exceed Rs 67 crore at the end of current financial year 2010-11.

Focussing on the business of the group, Bajaj said, the company is in the business of small appliances, fans, lighting and industrial luminaries. The company also has distribution arrangements with Trilux lenze of Germany for luminaries, Delta Controls of Canada for bulding management system, Securiton of Switzerland for security systems, RUUD lighting for LED products, Morphy Richards of UK and Nardi of Italy for appliances, Disney of USA and Midea of China for fans. The company has also invested in Starlite Lighting to manufacture energy saving Compact Fluorescent Lamps (CFL). He further informed the company is also working on Rs 56 crore order for Rural Electrification Project. In this project 72000 homes will be lighten in Raipur and Rs 20 crore order for giving light connection to 11000 homes in Mahasamund district.

# Thank You